हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 29 जनवरी 2026

04 किसानों का फूटा गुस्साः मंडी में अव्यवस्था...



08 निर्णायक दल के दो सदस्यों की लापरवाही, सांस्कृतिक...





# कहीं खुशी, कहीं गम : जावर में गिरे ओले, बुदनी और रेहटी को छोड़कर जिले भर में बारिश से बढ़ी ठिठुरन

### जावर क्षेत्र के खेतों में पहुंचा राजस्व अमला, तहसीलदार बोलेः ज्यादा नुकसान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। मंगलवार रात से शुरू हुआ बारिश का दौर रुक-रुककर बुधवार सुबह तक जारी रहा, जिससे पूरे जिले में कड़ाके की ठंड का अहसास हो रहा है। विशेष रूप से जावर क्षेत्र में चने के आकार के ओले गिर, वहीं बुदनी और रेहटी को छोडक़र जिले के लगभग सभी हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई है। बारिश और ठंडी हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है।

बता दें बीती रात मौसम में अचानक बदलाव हुआ और बारिश का दौर शुरू हो गया। जिले भर में पूरी-पूरी रात रुक-रुककर बारिश होती रही। इधर बारिश की वजह से बुधवार की सुबह पूरा जिला घने कोहरे की आगोश में रहा। सडक़ों पर विजिबिलिटी



इतनी कम थी कि वाहन चालकों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर रेंगना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार जिले का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, लेकिन सर्द हवाओं के कारण चुभन वाली ठंड महसूस की गई। लोग ठिठुरन से बचने के लिए अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेते नजर आए।

#### सबसे ज्यादा सीहोर में बारिश

भू.अभिलेख विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में जिले की औसत वर्षा 3.0 मिमी दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्रों के अनुसार सीहोर 10.0 मिमी दर्ज की दर्ज की गई, जबकि आष्टा 3.0 मिमी, जावर 3.0 मिमी, इछावर 3.0 मिमी, भैरुंदा 3.0 मिमी, श्यामपुर 2.0 मिमी दर्ज की गई, जबकि बुदनी व रेहटी में बारिश नहीं हुई। बता दें जिले में 1 जून 2025 से अब तक कुल औसत वर्षा 1112.4 मिमी हो चुकी है, जबकि गत वर्ष इसी अवधि तक यह आंकड़ा 1192.6 मिमी था।

#### हल्का नुकसान, राहत ज्यादा

बता दें मंगलवार रात वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव के चलते तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। जावर और आसपास के इलाकों में कुछ देर के लिए ओले गिरे। ओलावृष्टि की खबर मिलते ही प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया। जावर तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा ने बुधवार को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर फसलों का निरीक्षण किया। तहसीलदार चोरमा के अनुसार निरीक्षण के दौरान किसानों ने बताया कि



ओलों का आकार छोटा था और वे बहुत कम समय के लिए गिरे। वर्तमान स्थिति में नुकसान केवल 1 से 2 प्रतिशत ही है। जिन किसानों के पास सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं थे, उनके लिए यह बारिश अमृत के समान है। हालांकि चने और गेहूं की जिन फसलों में फूल आ रहे हैं, वहां आंशिक नुकसान की संभावना है, लेकिन कुल पैदावार पर कोई बड़ा फर्क नहीं पड़ेगा।

#### छाए रहेंगे बादल

मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि अगले 24 घंटों के दौरान भी जिले में बादल छाए रह सकते हैं और कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी की संभावना बनी हुई है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि यदि खेतों में पानी जमा होता है तो उसकी निकासी की व्यवस्था करें और कीटों के प्रकोप पर नजर रखें।

## खबर संक्षेप

### सीहोर जिले के 33 दिव्यांगजनों को मिले इलेक्ट्रिक कृत्रिम हाथ



**सीहोर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और इनाली फाउंडेशन द्वारा भोपाल में आयोजित निःशुल्क इलेक्ट्रिक कृत्रिम हाथ वितरण शिविर में सीहोर जिले के 33 दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक कृत्रिम हाथ प्रदान कर लाभान्वित किया गया। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि इस शिविर के लिए इन दिव्यांगजनों ने सीहोर जिला अस्पताल स्थित डीईआईसी पहुंच कर रजिस्ट्रेशन कराया था।

### जनसुनवाई में 46 आवेदनों पर हुई सुनवाई




**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 46 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत और एसडीएम श्री तन्मय वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### केंद्रीय कृषि मंत्री का दौरा कार्यक्रम

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 30 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे सीहोर जिले के शाहगंज पहुंचेंगे और सांदीपनी विद्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे दोपहर 12:30 बजे बुधनी पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे दोपहर 02 बजे रायसेन के लिए प्रस्थान करेंगे।

### सीहोर-भैरुंदा स्टेट हाईवे पर अतिक्रमणकारियों ने लंबे समय से कर रखा था कब्जा, आधा दर्जन कब्जों पर चला पंजा

# चार थाने के 60 पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बीच प्रशासन ने 6 लोगों का हाईवे से हटाया अतिक्रमण

पानी की टंकी से लेकर महाविद्यालय तक करीब आधा दर्जन लोगों द्वारा अस्थाई एवं स्थाई निर्माण कर किये गए अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाकर उसे जमींदोज कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

नगर में तेजी से बढ़ते अतिक्रमण पर रोक लगाने के लिए आखिरकार प्रशासन ने मुहिम शुरू कर दी है। बुधवार को नपं और राजस्व विभाग का संयुक्त अमला सीहोर - भैरूंदा स्टैट हाइवे पर स्थित अतिक्रमण हटाने पहुंचा। इस दौरान पानी की टंकी से लेकर महाविद्यालय तक करीब आधा दर्जन लोगों द्वारा अस्थाई एवं स्थाई निर्माण कर किये गए अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाकर उसे जमींदोज कर दिया।

अतिक्रमण विरोधी इस मुहिम के दौरान सुरक्षा इंतज़ामों को लेकर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। लोगों का कहना है कि हाइवे से अतिक्रमण हटाने से यातायात व्यवस्था तो आसान हो गई है। लेकिन बस स्टैंड सहित नगर की मुख्य सड़कें और बाजार में भी अतिक्रमण पसरा हुआ है। इससे नागरिकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए। हालांकि नपं का कहना है कि जहां भी अतिक्रमण है उसे चिंहित कर अतिक्रमणकारी को नोटिस दिया जा रहा है। अतिक्रमण विरोधी मुहिम लगातार जारी रहेगी। बुधवार को नगर परिषद और राजस्व विभाग का संयुक्त अमला भारी दल-बल के साथ अतिक्रमण हटाने स्टेट हाइवे पर पहुंचा।



**इछावर।** नगर की कन्या छात्रावास के पास स्थित समीह एग्रो द्वारा इस तरह अतिक्रमण कर रखा था।



**इछावर।** समीह एग्रो द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था कार्रवाई कर हटाया गया।

#### यहां भी पसरा है अतिक्रमण

स्टेट हाइवे पर ही तहसील कार्यालय से दीवड़िया जोड़ तक अतिक्रमण की भरमार है। आलम यह है कि हाइवे के दोनों ओर स्थित दुकानों के सामने दुकानदारों ने टीन शेड डालकर अतिक्रमण कर लिया है। सुबह होते ही दुकानों का सामान शेड में रख दिया जाता है, जिससे यातायात बाधित होता है , और दुर्घटनाएं होती है । इसके साथ ही बस स्टैंड पर कई लोगों ने अस्थाई रूप से घूमटी रख रखी है। जिससे लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

इस दौरान तालाब से महाविद्यालय तक करीब आधा किलोमीटर क्षेत्र में स्थित आधा दर्जन लोगों का अतिक्रमण हटाया गया। बताया जा रहा है कि उक्त अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए नपं द्वारा नोटिस जारी किए गये थे , लेकिन अतिक्रमणकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया था। हाइवे पर अतिक्रमण होने के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी, साथ ही हादसे भी हो रहें थे।

लोगों द्वारा प्रशासन ने लगातार अतिक्रमण हटाने की मांग की जा रही। लेकिन अतिक्रमणकारियों को राजनीति संरक्षण प्राप्त होने के कारण प्रशासन इनके खिलाफ कार्रवाई करने में गुरेज कर रहा था।

#### इनके अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

प्रशासन द्वारा अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाकर जिन लोगों का अतिक्रमण हटाया गया है उनमें जितेंद्र पवार, अजीज खा पिता अब्दुल अजीज, ललित वर्मा पिता बलदेव, राहुल पिता रमेश, ननूलाल , नूर खा आदि के बताए गए हैं। कार्रवाई के दौरान नपं और राजस्व अमले के साथ ही इछावर , भैरूंदा , सीहोर और गोपालपुर थाने के 60 से अधिक पुलिसकर्मी मौजूद थे।

#### चिन्हित कर हटाया जा रहा है अतिक्रमण

हाइवे पर स्थित अभी 6 लोगों का अतिक्रमण हटाया गया है। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। नगर में जहां भी अतिक्रमण है उसे चिन्हित किया जा रहा ।

**धर्मराज यादव,** सीएमओ

### जंगली सियार बना आदमखोर, घरों से निकलने में कतरा रहे ग्रामीण

# गांव में दहशतः एक ही दिन में नौ ग्रामीणों पर हमला दो मासूम बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग को किया घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील भैरूंदा के ग्राम सोठिया में बुधवार को जंगली सियार के अचानक हमलों से पूरे गांव में दहशत फैल गई। दोपहर करीब तीन बजे गांव के भीतर घुसे एक सियार ने अलग-अलग स्थानों पर लोगों पर हमला कर दिया। एक ही दिन में हुए इन हमलों में नौ ग्रामीण घायल हो गए। घायलों में दो मासूम बच्चे, तीन महिलाएं और एक बुजुर्ग सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं। सभी को तत्काल सिविल अस्पताल भैरूंदा में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, भैरूंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोठिया में बुधवार दोपहर ग्रामीण अपने रोजमर्रा के कामों में व्यस्त थे, तभी अचानक गांव के भीतर जंगली सियार दिखाई दिया। देखते ही देखते उसने गांव की गलियों और घरों के आसपास घूमते हुए लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया। अचानक हुए हमलों से गांव में अफरा-तफरी मच गई। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण घरों से बाहर निकले, लेकिन तब तक सियार कई लोगों को घायल कर चुका था। हमले में घायल बुजुर्ग धन्नालाल निवासी सोठिया ने बताया कि वे



घर के दरवाजे से बाहर निकल ही रहे थे, तभी सियार ने अचानक उन पर झपट्टा मार दिया। संभलने का मौका भी नहीं मिला और सियार ने उन्हें जकड़ लिया। शोर मचाने पर परिजन और आसपास के लोग दौड़े, तब जाकर सियार उन्हें छोड़कर भागा। इसी दौरान गांव के अन्य हिस्सों में भी सियार ने बच्चों और महिलाओं सहित दो अन्य लोगों को निशाना बनाया। हमलों में किसी के हाथ, मुंह, गाल और पैरों पर पंजों के गहरे घाव आए हैं।

घटना में घायल हुए लोगों में गीता पति बलराम पंवार, सुगना पति रमेश पंवार, रक्षा



पति नरेंद्र पंवार, अनीता पति महेश, सावनी पिता वनसिंह, विजय पिता भागवत, आर्यमन पिता राहुल राजपूत सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं। सभी घायलों को परिजन और ग्रामीणों की मदद से तत्काल सिविल अस्पताल भैरूंदा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनका इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और एहतियातन बच्चों व महिलाओं को घरों में सुरक्षित कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ समय से गांव और आसपास के इलाकों में जंगली जानवरों की आवाजाही बढ़ गई थी, लेकिन इस तरह के अचानक और लगातार हमलों की किसी ने कल्पना नहीं की थी। हमलों के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एकजुट होकर सियार की तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने सियार को घेरकर मार गिराया। इसके बाद गांव में कुछ हद तक राहत का माहौल बना, हालांकि घटना के बाद अब भी लोगों में डर व्याप्त है। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने, जंगली जानवरों की गतिविधियों पर निगरानी रखने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

वन विभाग के अधिकारी प्रकाशचंद ऊइके ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही विभागीय टीम को मौके पर भेजा गया। जंगली सियार के शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार उसका दाह संस्कार किया गया है। वहीं प्रशासन ने भी ग्रामीणों से सतर्क रहने, बच्चों को अकेले बाहर न भेजने और किसी भी संदिग्ध जंगली जानवर की सूचना तुरंत प्रशासन या वन विभाग को देने की अपील की है। सोठिया गांव की यह घटना क्षेत्र में जंगली जानवरों से बढ़ते खतरे की ओर एक गंभीर चेतावनी मानी जा रही है।

## कुबेरेश्वर धाम से प्रवाहित हुई भक्ति की नई धारा ‘कुबेरेश्वर भजन धारा’ यूट्यूब चैनल का शुभारंभ

**सीहोर।** कुबेरेश्वर धाम में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक एवं भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा (सीहोर वाले) के कर कमलों से यूट्यूब चैनल ‘@कुबेरेश्वर भजन धारा’ का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस यूट्यूब चैनल के माध्यम से अब श्रद्धालुओं तक कुबेरेश्वर महादेव के दिव्य भजन पहुँचेंगे, जिन्हें पूज्य गुरुदेव जी के प्रिय शिष्य एवं काशी के सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रमोद तिवारी (काशी वाले) अपनी सुमधुर आवाज़ में प्रस्तुत करेंगे। शुभारंभ अवसर पर भजन गायक प्रमोद तिवारी ने पूज्य महाराज जी को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं, प्रमोद तिवारी द्वारा श्री बटलेश्वर सेवा



समिति, कुबेरेश्वर धाम के समीर शुक्ला सहित समिति के सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस पावन अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार विनेश चौहान एवं पत्रकार शैलेन्द्र विश्वकर्मा को भी पूज्य महाराज जी द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर आशीर्वाद दिया गया।

भक्ति, संस्कृति और सनातन परंपरा को डिजिटल माध्यम से जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में यह चैनल एक नया अध्याय साबित होगा।

### राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन व मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण आयोजित

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत हेल्थ वर्कस का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सभी को लू, शीतलहर एवं वायु प्रदूषण से होने वाली बीमारियों एवं इनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान जलवायु परिवर्तन से होने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया द्वारा वर्कस को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए




गए। प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओ को बताया गया जलवायु परिवर्तन के खतरों से प्रतिरक्षा के लिए घर-घर जाकर किस प्रकार नागरिकों को जागरूक किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. रूचिरा उईके उपस्थित थीं।

**खबर संक्षेप**

### 1 फरवरी को होगा रमेश गोहिया स्मृति साहित्य साधक सम्मान 2026



रमेश गोहिया



देवकरण पंवार

सीहोर। प्रदेश के जाने माने गीतकार स्व. रमेश गोहिया स्मृति सम्मान समारोह 2026 के सम्मानित होने वाले साहित्यकार की घोषणा चयन समिति ने कर दी है। यह सम्मान वरिष्ठ साहित्यकार देवकरण पंवार को एक सादगीपूर्ण समारोह में प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय रैंबो प्ले स्कूल के सभाकक्ष में रविवार को दोपहर 12.30 संपन्न होगा। जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार देवकरण पंवार को सम्मान देने की घोषणा पांच सदस्यीय समिति ने कर दी है। समिति में वरिष्ठ साहित्यकार रामनारायण राठौर, हरीशचंद्र आर्य, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रदीप सिंह चौहान, गीतकार शजोरावर सिंह, डॉ. विजेन्द्र जायसवाल शामिल थे। यह आयोजन अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला सीहोर के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है।

### जनसुनवाई में 46 आवेदनों पर हुई सुनवाई


**सीहोर**। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 46 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

## एक ही फसल, तीन ट्रॉली-तीन अलग दाम, खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर किसान

# किसानों का फूटा गुस्सा: मंडी में अव्यवस्था मनमानी और मिलीभगत के लगाए आरोप

बीते दो महीनों से मंडी में मक्का जैसी प्रमुख फसल की खरीदी 1200 से 1400 रुपये प्रति क्विंटल तक सिमटी हुई है, जबकि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



तहसील भैरुंदा की नवीन कृषि उपज मंडी एक बार फिर किसानों के आक्रोश के केंद्र में आ गई है। राला के पारदीपूरा स्थित मंडी प्रांगण में पिछले दो वर्षों से चल रहा अधूरा निर्माण, बदहाल व्यवस्थाएं और उपज की कम कीमतों ने किसानों का सब्र तोड़ दिया है। किसानों का आरोप है कि मंडी प्रशासन और व्यापारियों की मिलीभगत से जानबूझकर उनकी फसल कम भाव में खरीदी जा रही है, जिससे वे खुलेआम शोषण का शिकार हो रहे हैं।

हैरानी की बात यह है कि यह स्थिति देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले सीहोर की तहसील भैरुंदा में बनी हुई है। बीते दो महीनों से मंडी में मक्का जैसी प्रमुख फसल की खरीदी 1200 से 1400 रुपये प्रति क्विंटल तक सिमटी हुई है, जबकि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। किसानों का कहना है कि लागत और बाजार मूल्य के इस अंतर ने उनकी आर्थिक कमर तोड़ दी है।

**अधूरा निर्माण बना परेशानी का सबब :** मंडी प्रांगण में टीन शेड तो बना दिए गए हैं, लेकिन नीचे की जमीन का न समतलीकरण हुआ है और न ही पक्का फर्श डाला गया है। मुरम और कच्ची मिट्टी में ट्रैक्टर-ट्रॉलियां धंस रही हैं, कई बार पलटने की घटनाएं भी सामने आई हैं। इससे न केवल उपज बर्बाद हो रही है, बल्कि किसानों के वाहन भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। बारिश के दौरान हालात और बिगड़ गए।

मंगलवार रात हुई बारिश से कई ट्रॉलियों में पानी भर गया, जिससे मक्का सहित अन्य फसलों में नमी आ गई। किसानों का आरोप है कि व्यापारी इसी नमी को बहाना बनाकर दाम और घटा देते हैं।

### बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव

मंडी में पानी, बिजली, शौचालय और बैठने जैसी बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। किसान उपज से भरी ट्रॉलियों के साथ खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं। मंडी नगर से करीब पांच किलोमीटर दूर होने के कारण खाने-पीने की व्यवस्था भी बड़ी चुनौती बन गई है। कई किसान दो-दो दिन तक भूखे-प्यासे अपनी फसल की रखवाली करते नजर आए।

### टीन शेड भी बन रहे मुसीबत

किसानों ने बताया कि मंडी में कई टीन शेड बने हैं, लेकिन फिलहाल केवल एक ही शेड चालू है। बाकी शेडों की जमीन खुदाई कर छोड़ दी गई है, जिससे वहां वाहन खड़े करना जोखिम भरा हो गया है। चालू शेड में भी मुरम और पत्थरों की वजह से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के टायर पंचर हो रहे हैं। कई बार ट्रॉलियां पलटने से उपज जमीन पर बिखर जाती है।

### एक ही फसल, तीन ट्रॉली, तीन अलग दाम

मंडी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल तब खड़े हुए जब ग्राम अतरालिया के एक किसान ने बताया कि वह तीन ट्रॉली मक्का लेकर मंडी पहुंचा था। बुधवार को नीलामी के दौरान तीनों ट्रॉलियों की अलग-अलग बोली लगी—एक ट्रॉली 1540 रुपये, दूसरी 1420 रुपये और तीसरी मात्र 1400 रुपये प्रति क्विंटल में खरीदी गई। किसान ने जब एक ही गुणवत्ता की फसल के अलग-अलग दामों पर आपत्ति जताई, तो व्यापारियों ने खरीदी बंद कर दी और मंडी छोड़कर चले गए। किसान का आरोप है कि पहले 1600 रुपये तक की बोली लगवाई गई थी, जिसे बाद में घटा दिया गया।

### सरकारी दाम से भी आधी कीमत

आक्रोशित किसानों ने सवाल उठाया कि जब सरकार द्वारा मक्का का समर्थन मूल्य लगभग 2400 रुपये के आसपास है, तो मंडी में आधे दाम पर खरीदी क्यों हो रही है। किसानों का कहना है कि मंचों से आय दोगुनी करने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। कम दाम मिलने से किसान कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है।

### आंदोलन और चक्काजाम की चेतावनी

बुधवार को सैकड़ों किसान मंडी प्रांगण में एकत्र हुए और जमकर नारेबाजी की। "किसान एकता जिंदाबाद", "व्यापारियों की मनमानी नहीं चलेगी" जैसे नारों से मंडी गूंज उठी। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं और उचित दाम नहीं मिला, तो वे धरना-प्रदर्शन और चक्काजाम करेंगे।

### मंडी सचिव बोले

कृषि ऊपज मंडी भैरुंदा सचिव विलियम जॉर्ज ने बताया कि संबंधित किसान की तीनों ट्रॉलियां अलग-अलग स्थानों पर लगी थीं और उनकी प्रवेश पर्चियां भी अलग बनी थीं। यदि पहले सूचना दी जाती तो एक ही प्रवेश पर्ची पर एक साथ नीलामी की जा सकती थी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि एक माह में सभी टीन शेड और सीसी सड़क तैयार हो जाएगी। फिलहाल एक माह तक मोती बिहार कॉलोनी प्रांगण में किसानों के वाहन दिन में खड़े कराए जाएंगे। आगामी गेहूं-चना फसल की खरीदी नवीन मंडी प्रांगण राला में ही की जाएगी।

## विद्यालय हुआ संगीतमय, विद्यार्थियों को मिली संगीत सामग्री



**भैरुंदा**। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए शासकीय प्राथमिक शाला, सद्दाम कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 5, नगर भैरुंदा में समुदाय के सहयोग से एक प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों को संगीत शिक्षा के लिए हारमोनियम एवं तबला प्रदान किए गए, जिससे बच्चों में रचनात्मकता और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम में ए-वन बुक हाउस के संचालक रघुवीर पंवार ने विद्यार्थियों को ड्राइंग बोर्ड भेंट कर शिक्षा के प्रति अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन किया। इस अवसर पर कबीर वाणी संत श्री देवराज नागर जी ने कबीर के दोहे और शिक्षा गीतों के माध्यम से विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, सद्भाव और शिक्षा के महत्व का संदेश दिया। उनकी वाणी ने बच्चों के साथ-साथ उपस्थित अभिभावकों और नागरिकों को भी प्रेरित किया। समापन अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्री मारुति शिशिर ने विद्यालय भवन की मरम्मत, पुताई तथा विद्यालय के लिए भूमि आवंटन में सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ कला और संस्कृति बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में नगर एवं क्षेत्र के वरिष्ठजन रितेश मकबाना, राजेश पटेल छापरी, संजय पटेल हवेली, संतोष शर्मा कक्का, मुकेश मुंडेल, मोहित पंवार ठेकेदार, मुकेश पंवार, के.एल. पंवार (संचालक विनाचल स्कूल), जितेंद्र पंवार पत्रकार, तबला वादक गौतम, अजय पटेल भारत यात्री सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की शिक्षिकाएं साधना गौड, आशा किर एवं रजनी पंवार ने सभी अतिथियों, दानदाताओं एवं समुदायजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन ने यह संदेश दिया कि विद्यालय और समाज के आपसी सहयोग से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखी जा सकती है।

## नवोदित बाल निकेतन हायर सेकंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस बड़े ही उत्साह धूमधाम के साथ मनाया गया




**इछावर**। सोमवार को गणतंत्र दिवस बड़े ही उत्साह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर नगर के नवोदित बाल निकेतन हायर सेकंडरी स्कूल में झंडा वंदन प्राचार्य सतीश शर्मा द्वारा किया गया । साथ ही स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति बच्चों द्वारा दी गई वही मुख्य आयोजन नगर के संदीपनी शासकीय उच्चतर विद्यालय मैं आयोजित हुआ।

जिसमें नवोदित बाल निकेतन हायर सेकंडरी स्कूल के छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नाटक मोबाइल के दुष्प्रभाव का किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार दिया गया विद्यालय के प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने पर विद्यालय प्राचार्य सतीश शर्मा ,सरोज सोलंकी , डीनम चौहान, देवा वर्मा ,रचना शर्मा , अर्चना गुप्ता ,असमा खान,निशा विश्वकर्मा, रंजना ठाकुर, पूजा मुकाती ,शुभम चावड़ा, वैभव शर्मा, जितेंद्र वर्मा ,शिवानी वर्मा, हीरामणी ठाकुर, यशिका शर्मा ने बधाई दी।

## गणतंत्र दिवस पर आक्सफोर्ड स्कूल ने शानदार प्रस्तुति दी



**सीहोर**। गणतंत्र दिवस के अवसर पर दी आक्सफोर्ड संस्था में संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में ब्रास बैण्ड दल द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति नृत्य, गीत, कविता व विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान, अधिकारों एवं कर्तव्यों की याद दिलाता है। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियाँ उनके अनुशासन, प्रतिभा और देशप्रेम को दर्शाती हैं, जो राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक हैं। प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। शहर के मंडी स्थित पुलिस परेड मैदान में 26 जनवरी 2026 को आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में दी आक्सफोर्ड स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति नृत्य को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार कलेक्टर सीहोर बालागुरू के., माननीय पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सर्जना यादव द्वारा प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन सहित समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन व मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर**। स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत हेल्थ वर्कस का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सभी को लू, शीतलहर एवं वायु प्रदूषण से होने वाली बीमारियों एवं इनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान जलवायु परिवर्तन से होने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया द्वारा वर्कस को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओ को बताया गया जलवायु परिवर्तन के खतरों से प्रतिरक्षा के लिए घर-घर जाकर किस प्रकार नागरिकों को जागरूक किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. रूचिरा उईके उपस्थित थीं।

### मां नर्मदा जन्म उत्सव पर हुआ भंडारा

**देवास**। जिला रेत व्यापारी एसोसिएशन द्वारा मां नर्मदा जन्म उत्सव के पावन अवसर पर विशाल महाआरती एवं महाप्रसादी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेत व्यापारी संघ के वरिष्ठजन, विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी तथा व्यापारी एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विजय गेहलोत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। वरिष्ठ सदस्य नितेश मालवीय ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाआरती से मुख्य अतिथि महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विनय सांगते, पूर्व देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय दायमा ने किया।

## यूफोरिया माइंस व पावर मेक प्रोजेक्ट ने स्कूली बच्चों को बैग वितरित किए



**रेहटी**। गणतंत्र दिवस पूरे देश में हर्षोल्लास, उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इसी क्रम में रेत कंपनी यूफोरिया माइन्स एंड मिनिरल्स प्राइवेट लिमिटेड एवं पावर मेक प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए ग्राम जाजना मट्ठागांव एवं ग्राम जहाजपुर के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए।कार्यक्रम के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बैग पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कंपनी प्रबंधन द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक सराहनीय पहल मानी जा रही है।

इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जीएम गोदावर्थी विनोद कुमार, जनरल मैनेजर दिनेश कुशवाहा, सीनियर एचआर राहुल रघुवंशी, सर्किल इंचार्ज राम कुशवाहा, लोकेशन इंचार्ज नरेंद्र धाकड़, एचआर नितिन तोमर, प्रदीप राजपूत, लखन नागर सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

कंपनी अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज और देश के विकास की मजबूत नींव है। ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराना कंपनी की प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा प्रतिवर्ष शिक्षा, खेल एवं सामाजिक उत्थान से जुड़े विभिन्न कार्य निरंतर किए जाते हैं, ताकि स्थानीय ग्रामीणों और बच्चों को आगे बढ़ने के अवसर मिल सकें।विद्यालय प्रबंधन एवं ग्रामीणजनों ने इस पहल की सराहना करते हुए कंपनी प्रबंधन का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों के मनोबल को बढ़ाते हैं तथा उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करते है।

### टेराकोटा कौशल विकास प्रशिक्षण का सफल समापन

# टेराकोटा महिला सशक्तीकरण स्वरोजगार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम:अरुणा राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्यप्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा प्रायोजित एवं क्रिस्प अनुसंधान एवं औद्योगिक कर्मचारियों के प्रदर्शन के लिए केंद्र द्वारा संचालित टेराकोटा कौशल विकास प्रशिक्षण का समापन समारोह जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप समाजसेविका अरुणा सुदेश राय एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सीईओ सरजना यादव की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। फूल मालाए पहना कर गुलदस्ता भेंट कर प्रशिक्षण कार्यक्रम म.प्र. माटीकला बोर्ड के अतिरिक्त संचालक आकाश गोयल एवं क्रिस्प की हैंडीक्राफ्ट विभाग प्रमुख इरम परवीन के द्वारा स्वागत किया। प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को प्रेरित करते समाजसेवीका अरुणा सुदेश राय ने कहा कि टेराकोटा महिला सशक्तिकरण स्वरोजगार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी 27 महिला प्रशिक्षणार्थियों को आगामी एडवांस टेराकोटा प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने कहा कि म.प्र. माटीकला बोर्ड के अतिरिक्त संचालक आकाश गोयल एवं क्रिस्प हैंडीक्राफ्ट विभाग प्रमुख इरम परवीन के द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया है। मास्टर ट्रेनर हेमंत प्रजापति द्वारा दी गई उत्कृष्ट प्रशिक्षण सेवाओं, उनकी मेहनत एवं लगन की विशेष रूप से अतिथियों के द्वारा सराहना की गई। सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्रों का वितरण भी किया गया। प्रशिक्षण को सफल बनाने में भाजपा जिला मंत्री प्रीति सोनी एवं हरिश सेठी का विशेष सहयोग रहा।

## नर्मदा जन्मोत्सव पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, आंवलीघाट पर उमड़े हजारों भक्त

### चुनरी यात्रा रेहटी से आंवलीघाट पहुंची उमड़ा जन सैलाब



**रेहटी**। नर्मदा जन्म उत्सव के मौके पर रेहटी नगर के हनुमान चौक से मां नर्मदा की भव्य चुनरी यात्रा 251 फीट की नगर से निकल गई जिसमें सभी धर्म प्रेमी बंद हुए महिला एवं पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए बस स्टैंड से नए गांव होते हुए यह चुनरी यात्रा आवली घाट पहुंची कहा जाता है कि माँ नर्मदा के पावन दर्शन मात्र से समस्त पापों का क्षय हो जाता है। आज नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर समस्त नर्मदा घाट भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आए। तड़के सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु माँ नर्मदा के दर्शन एवं पूजन के लिए घाटों पर पहुंचे। नर्मदा जयंती के अवसर पर श्रद्धालु दूर-दराज़ क्षेत्रों से माँ नर्मदा के दर्शन हेतु प्रसिद्ध नर्वदा तट आंवलीघाट पहुंचे। सुबह से ही सभी घाटों पर पूजा-अर्चना का सिलसिला निरंतर चलता रहा। श्रद्धालु पूर्ण श्रद्धा और भक्ति भाव से माँ नर्मदा की आराधना में लीन दिखाई दिए।जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया, जहां भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माँ नर्मदा को विभिन्न घाटों पर भव्य चुनरी अर्पित की। नर्मदा जयंती के उल्लास में भक्तगण भजन-कीर्तन करते हुए झूमते नजर आए, जिससे समूचा वातावरण भक्तिमय हो उठा।


समस्त देशवासियों को भारतीय लोकतंत्र के महापर्व
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
आपके अपने विधायक
गोपाल सिंह इंजीनियर
विधानसभा क्षेत्र 157 आष्टा, जिला- सीहोर (म.प्र.)
निवेदक - समस्त भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्र 157 आष्टा जिला- सीहोर (म.प्र.)


आप सभी देश एवं नगरवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनॉए
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
गणतंत्र दिवस
स्वच्छ, सुंदर आष्टा
बधाई कर्ता
श्रीमति हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा
अध्यक्ष - न.पा. परिषद, आष्टा
श्रीमति सिद्धिका बी भुरू खॉ
उपाध्यक्ष - न.पा. परिषद, आष्टा
विनोद कुमार प्रजापति
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
एवं समस्त परिषद
सौजन्य - नगर पालिका परिषद आष्टा जि.सीहोर


गणतंत्र दिवस
गणतंत्र दिवस
की आप सभी देशवासियों व नगर वासियों को
हार्दिक हार्दिक शुभकामनाऐं
मनीष धारवां
नगर अध्यक्ष : भाजयुमो आष्टा


आप सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
लता तेजपाल मुकाती
पार्षद वार्ड क्रमांक 18
नगरपालिका आष्टा



राजश्री कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडी
बजरंग कॉलोनी, आष्टा
आप सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
बधाई कर्ता
संचालक : बी.एस. परमार


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
बधाई कर्ता
जे.के.हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशलिटी एण्ड ट्रामा सेन्टर
दरगाह से आगे,भोपाल रोड,आष्टा जि.सीहोर


आप सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
बधाई कर्ता
कमल मेवाड़ा
वरिष्ठ समाजसेवी ,आष्टा


सभी देशवासियो को
गणतंत्र दिवस
हार्दिक शुभकामनायें
श्रीमति सीमा
सरपंच
अर्जुनसिंह
सरपंच प्रतिनिधि
उमेश सोलंकी
सचिव
सौ.-ग्राम पंचायत- गुराड़िया रुपचंद्र


पुष्प हायर सेकेन्ड्री स्कूल, आष्टा
आप सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ


जय भारत सर्विस स्टेशन
न्यू बस स्टेण्ड,आष्टा
आप सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ

## खबर संक्षेप

### 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन उन्नति फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित 30 दिवसीय स्पोकन इंग्लिश, लाइफ स्किल्स, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एवं इंटरव्यू स्किल्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास एवं रोजगारोन्मुख क्षमताओं से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। समापन अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजिरी अग्निहोत्री ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के प्रभारी देवसिंह मालवीय, रेडक्रॉस प्रभारी अमिता बैरागी, आईकेएस प्रभारी डॉ. पूजा कश्यप, रामविकास प्रजापति, शिवम सक्सेना, लखन कालेश्रिया एवं नजीम हुसैन की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### महाविद्यालय में लघु पुस्तिकाओं का वितरण

**सीहोर।** महिला पोलोटेक्नीक महाविद्यालय सीहोर में प्राचार्य प्रतिनिधि डॉ. प्रमोद शर्मा को भारतीय संविधान की प्रति भेंट की गई एवं समस्त उपस्थित छात्राओं को भारतीय संविधान से सम्बन्धित लघु पुस्तिकायें प्रदान की गई। डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर प्रतिमा स्थापना समिति के अध्यक्ष रवीन्द्र बांगरे, महिला पदाधिकारी प्रेमलता शैल, शांता मालवीय, अनीता सिलोरिया आदि उपस्थित थे।

अहमदपुर क्षेत्र में शिक्षकों की मर्जी से चल रहें सरकारी स्कूल

# बच्चे बोले- हम पढ़ाई करने गए थे स्कूल शिक्षक बोले घर जाओ आज स्कूल की छुट्टी

बरखेड़ा हसन के सरकारी स्कूल में बिना किसी कारण के शिक्षकों ने कर दी छुट्टी। ग्रामीणों की आपत्ति के बाद शिक्षकों ने बच्चों को दोबारा स्कूल बुलाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर



हमेशा विवादों में रहने बाला बरखेड़ा हसन का हायर सेकेंडरी स्कूल फिर विवादों में फंस गया है। बुधवार को बरखेड़ा हसन के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अजीबो गरीब मामला सामने आया है। जहां विना कारण ही स्कूल के बच्चो की छुट्टी कर दी गई। पूरी तरह से स्कूल की कक्षाएं खाली कर दी गई। बरखेड़ा हसन के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जब हरिभूमि की टीम 12 बजे पहुची तो स्कूल पूरी तरह से खाली मिला। मीडिया के पहुंचने की खबर लगी तो मीडिया के पहुंचने के एक घंटे बाद बच्चों को वापस स्कूल बुलाया गया।

### स्कूल में नहीं था स्टाफ, अतिथियों के हवाले विद्यालय

स्कूल की छुट्टी की खबर लगते ही स्थानीय मीडिया जब बरखेड़ा हसन के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंची जिस की भनक लगते ही आनंन - फानन में बच्चों को दोबारा स्कूल बुलाया गया, जब बच्चों को स्कूल बुलाया गया तो विद्यालय में मात्र चार अतिथि शिक्षक की मौजूद थे

### ग्रामीणों में देखी गई नाराजगी स्कूल की छुट्टी से नाराज हुए ग्रामीण लागए आरोप

बरखेड़ा हसन में बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरखेड़ा हसन में अव्यवस्थाओं का आलम देख ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। दोपहर 12:00 बजे जब ग्रामीण स्कूल पहुंचे, तो वहां का नजारा देख दंग रह गए। स्कूल के क्लासरूम पूरी तरह खाली पड़े थे और छात्र-छात्राएं नदारद थे। मौके पर केवल तीन अतिथि शिक्षक ही उपस्थित मिले।



### ग्रामीणों के आरोप

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नियमित शिक्षक भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने गए हैं, जिसके चलते बिना किसी आधिकारिक सूचना के स्कूल की अघोषित छुट्टी कर दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षकों की अनुपस्थिति के कारण बच्चों की पढ़ाई का नुकसान हो रहा है और स्कूल प्रबंधन अपनी मनमानी कर रहा है। हालांकि, दोपहर के समय क्लासरूम का खाली मिलना और केवल अतिथि शिक्षकों के भरोसे स्कूल का संचालन होना कई सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस अव्यवस्था की जांच करने और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई। करने की मांग की है। जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि मामले को लेकर जब जानना चाहा तो इनका कहना है कि हम जांच कर लेते हैं।

### किसी की नहीं लगाई ड्यूटी

मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। मैं प्रचार्य से बात करके बताती हूं ऑफीशियली हमारी ओर से किसी भी शिक्षक की कहीं भी ड्यूटी नहीं लगाई गई है।

**दीपा कीर,** बीईओ

# निर्णायक दल के दो सदस्यों की लापरवाही, सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर बनी विवाद की स्थिति

**एसडीएम ने कारण बताओ नोटिस किए जारी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ग्राउंड पर होने वाले रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रशासन द्वारा निर्णायक के पद पर दो महिला अधिकारियों को भी नियुक्त किया था और इस संबंध में उन्हें विधिवत सूचना पत्र के माध्यम से और मोबाइल के माध्यम से भी दी थी, लेकिन दोनों महिला अधिकारी निर्धारित समय से 2 घंटे पश्चात कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जिसके कारण प्रशासन को दो नायब तहसीलदारों को निर्णायक बनाना पड़ा था। सही निर्णय सांस्कृतिक कार्यक्रम का नहीं होने के कारण कार्यक्रम में भाग लेने वाले एक प्रमुख विद्यालय के संस्था प्रमुख ने इस संबंध में मंच पर ही एसडीएम के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। मंच पर उपस्थित अतिथियों सहित जनता का मत भी उक्त विद्यालय के पक्ष में था। इस बात को ध्यान में रखते हुए एसडीएम नितिन कुमार टाले ने निर्णायक के पद पर नियुक्ति की गई विकासखंड शिक्षा अधिकारी सलोनी शर्मा व कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मृगी अग्रवाल को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं और उसमें यह भी उल्लेखित किया गया है कि आपके द्वारा राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के निर्णायक दल के दायित्व का समय पर उपस्थित रहकर निर्वहन नहीं किया गया। कार्यक्रम स्थल पर प्रातः 8 बजे के स्थान पर 10:30 बजे पहुंची। जिससे कार्यक्रमों के पुरस्कार वितरण में विसंगति रही। जिससे विवाद की स्थिति निर्मित हुई। जिससे शासन- प्रशासन की छवि धूमिल हुई है। आपके द्वारा उक्त आदेश का जानबूझकर स्पष्ट उल्लंघन किया गया है। झंडावंदन कार्यक्रम में भी अनुपस्थित रहकर राष्ट्रीय प्रतीकों का अनादरण किया जाना पाया गया है। आपका उपरोक्त कृत्य राष्ट्रीय पर्व एवं राष्ट्रीय प्रतीकों की अवमानना, कर्तव्य के प्रति लापरवाही स्वेच्छिता एवं वरिष्ठ अधिकारी के आदेश की अवहेलना तथा कदाचरण का द्योतक है। जो मप्र सिविल सेवा आचरण नियम उल्लंघन का दोष सिद्ध करता है।

# श्री खाटू श्याम मंदिर-ट्रस्ट अध्यक्ष, सदस्यों का विधायक ने किया सम्मान, सहयोग और सेवा का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में खाटू श्याम बाबा के भक्तों की लंबे समय से मंदिर निर्माण की भावना अब मूर्त रूप ले रही है। आष्टा-शुजालपुर मार्ग पर स्थित खाटू श्याम कॉलोनी में कामना सिद्धि श्री श्याम मंदिर के भक्तों की भावना अनुरुप कॉलोनी में भव्य बाबा खाटू श्याम जी का मंदिर निर्माण का कार्य बाबा के भक्तों द्वारा शुरू किया गया है। पिछले दिनों बाबा खाटू श्याम जी के भक्तों की एक बैठक मंदिर निर्माण स्थल पर हुई जिसमें आष्टा नगर के समाजसेवी खंडेलवाल परिवार के युवा सदस्य विजय खंडेलवाल को भक्तों द्वारा खाटू श्याम बाबा मंदिर निर्माण समिति एवं ट्रस्ट का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर द्वारा विधायक कार्यालय पर बाबा खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट के नव नियुक्त अध्यक्ष विजय खंडेलवाल सहित समिति के राजेश मेवाड़ा बिजोरी, अमन मेवाड़ा, हर्ष राठौर, हर्ष राठौर, प्रकाश नायक,नाना सोनीजेपी नायक, अमोद जैन. पप्पू लखेरा, विजय टेलर ,विजय सोनी, हंसू सोनी, लोकेश परमार, नरेंद्र मेहता, लालू सोनी सुशील विश्वकर्मा सहित सभी भक्तों,सदस्यो का स्वागत किया। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने आश्वासन दिया कि उनके लायक जब भी कोई कार्य हो वे हमेशा बाबा की सेवा के लिए तत्पर और समर्पित है। इस अवसर पर अध्यक्ष विजय खंडेलवाल ने विधायक को बाबा खाटू श्याम मंदिर निर्माण स्थल पर पधारने का निमंत्रण दिया। जिसे विधायक ने स्वीकार करते हुए जल्द ही निर्माण स्थल का भ्रमण करने का उन्हें आश्वासन दिया। स्वागत सम्मान के शुभ अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष धारासिंह पटेल,पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया विशेष रूप से उपस्तिथ रहे ।

# दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति में हुआ झंडा वंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी




सोमवार को दूध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित कोठरी मैं भी राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षौल्लास के साथ मनाया। समिति के अध्यक्ष भोपाल सिंह मंडलोई ने झंडा वंदन किया। झंडा बंधन के पश्चात राष्ट्रगान गया और तिरंगे को सलामी दी।

इस मौके पर बड़ी संख्या में दूध उत्पादक किसान और संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, झंडा वंदन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की रैली के समय किया गया। इस मौके पर संस्था के सभी प्रतिनिधि सुधीर, लखनलाल, नारायणन सिंह, सतीश, राधेश्याम, देवकरण, मांगीलाल, बाबू लाल सहित समस्त दुग्ध प्रदायक किसान आदि उपस्थित रहे।

# रात में हुई ओलावृष्टि के बाद विधायक खेतों में उतरे, प्रभावित फसलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



रात्रि में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के जिन ग्रामों में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई,आज आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर उन प्रभावित ग्रामों में पहुंचे तथा खेतों में उतर कर किसान भाईयों, राजस्व एवं कृषि विभाग के अमले के साथ प्रभावित हुई फसलों का निरीक्षण किया तथा राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को नुकसानी का आकलन करने के निर्देश दिये । कल रात्रि में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के कुछ ग्रामों में तेज बारिश हुई वहीं कुछ ग्रामों में ओलावृष्टि भी हुई थी । ओलावृष्टि होने से कई खेतों में खड़ी गेहूं,चने,मसूर आदि की फसलों को नुकसान होने की सूचना पर आज आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर अपने तय कार्यक्रमों को छोड़कर सबसे पहले प्रभावित फसलों को देखने आष्टा विधानसभा क्षेत्र के जावर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम ग्वाली, गुराडिया वर्मा सहित अन्य ग्रामों में किसानों के साथ उनके खेतों पर पहुंचे तथा खेतों में उतरकर रात्रि में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित हुई फसलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जावर तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा, कृषि विभाग के अधिकारी तथा राजस्व-कृषि विभाग के आरआईं, पटवारी आदि भी साथ थे। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ग्राम ग्वाली में कृषक प्रभुराम मालवीय के खेत पर पहुंचे तथा वहां पर ओलावृष्टि से हुई फसलों का निरीक्षण किया एवं जानकारी ली । वहीं ग्राम गुराडिया वर्मा में कृषक लखन पाटीदार के खेत पर पहुंचकर खेत में खड़ी गेहूं की प्रभावित हुई फसल का खेतो में उतर कर निरीक्षण किया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया कि जहां-जहां भी रात्रि में ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी फसल प्रभावित हुई है उनके नुकसान का आकलन करने के निर्देश आष्टा एसडीएम एवं आष्टा और जावर तहसीलदार एवं कृषि विभाग को दिए हैं। दोनों विभागों का मैदानी अमला खेतों में पहुंचकर नुकसानी का आकलन करेंगे तथा रिपोर्ट आने के पश्चात कलेक्टर सीहोर को अवगत करायेंगे ।

# शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर पर चढ़ाई नवीन ध्वजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



साध्वी शाश्वत प्रिया श्रीजी महाराज आदि ठाणा की पावन कारी निश्रा में महिदपुर रोड नगर से खरवा कलां का पैदल संघ लाभार्थी पारस मल, निलेश कुमार ,रितेश कुमार, अक्षत कुमार भंडारी परिवार द्वारा निकला गया। जिसमें बेंड, ढोल, नगाड़े, रथ पर विराजमान परमात्मा ,गुरुदेव राजेंद्र सुरिश्वर जी का फोटो, नन्हे नन्हे बाल संघपति, सकल जैन श्री संघ समाज के सैकड़ो श्रावक श्राविकाओं की उपस्थिति में परमात्मा व गुरुदेव के मंगलकारी जयकारों के साथ पैदल संघ प्रारंभ हुआ। 6 किलोमीटर लंबी पैदल यात्रा में समाज जनों का उत्साह चरम सीमा पर था। 2 घंटे पश्चात पैदल यात्रा श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर खारवा पहुंची। जहां पर लाभार्थी भंडारी परिवार द्वारा सकल श्री संघ की नवकारसी, स्नात्तपूजा, सत्तर भेदी महापूजन विधान प्रसिद्ध संगीतकार द्वारा सुमधुर भक्ति गीतों के साथ संपन्न किया। शुभ मुहूर्त में मंदिर के शिखर पर लाभार्थी भंडारी परिवार द्वारा नवीन ध्वजा आरोहित की गई। पैदल यात्रा संघ व अमर ध्वजा के लाभार्थी पारसमल निलेश कुमार, रितेश कुमार, अक्षत कुमार, भंडारी परिवार द्वारा संपूर्ण आयोजन किया गया। पूज्य साध्वी जी को कामली ओढाई गई। जैन श्री संघ महिदपुर रोड श्री संघ खरवा कलां, नवयुवक, महिला ,बहू, तरुण परिषद, सभी समाज जनों, एवं आगंतुक महानुभाव द्वारा संघपति एवं ध्वजा के लाभार्थी भंडारी परिवार का बहुमान किया गया।

**नगर परिषद कोठरी में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हुआ ध्वजारोहण**

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद आरआरआर सेंटर का लोकार्पण







हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

नगर परिषद कोठारी कार्यालय परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर भव्य रूप से ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर व नगर परिषद अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति की गरिमामयी उपस्थिति रही। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने जिला सहकारी बैंक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठरी में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम में पूर्व क्षेत्रीय विधायक रघुनाथ मालवीय, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रीति युवराज चंद्रवंशी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेंद्र सिंह जाटव परिषद के समस्त पार्षद जितेंद्र आजाद, पार्षद रितु शिशुपाल वर्मा, पार्षद देवकरण बकोरिया, पार्षद मदन दादा, पार्षद दिनेश चौधरी, पार्षद भाग्यश्री रितेश पटेल, पार्षद सीमा जगदीश मेचन, पार्षद बबिता धर्मेंद्र, पार्षद ललता विजय सिंह सीमा मुकेश भेंडी, ऋचा संजय पटेल, राजपाल खेरी व नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने आर-आर-आर सेंटर का लोकार्पण भी किया। उपस्थित जनसमूह ने देशभक्ति के नारों के साथ गणतंत्र दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया।

# नर्मदा परिक्रमा से लौटे यात्रियों का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

ग्राम खाचरोद के नबीलाल जाट, लल्लू जाट, अंबाराम जाट, बद्री जाट, देवनारायण विश्वकर्मा ने मां नर्मदा की 35 00 किलोमीटर पैदल यात्रा कर सकुशल गृह ग्राम आगमन पर ग्राम वासियों द्वारा सभी भक्तों का हार फूल माला पहनाकर स्वागत किया। यात्रियों का गांव के मुख्य मार्गों से जुलूस निकला गया जो ग्राम के मुख्य मार्ग से होता हुआ श्री राम मंदिर पहुंचा। जहां भगवान की आरती कर प्रसाद वितरण की गई। वहीं सभी ग्राम वासियों ने सभी भक्तों को मंगलमय यात्रा की बधाई दी इस मौके पर सभी ग्रामवासी उपस्थित थे।